# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 21 जुलाई 2025। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कुलसचिव श्री प्रज्जवल खरे एवं नवागत कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. अर्चना राका जी का स्वागत किया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशाालाओं में किए जा रहे शोध एवं विद्यार्थियों के प्लेसमेंट से संबंधित जानकारी से माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि वर्तमान में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, आई.आई.टी. इन्दौर के साथ मिलकर लगभग 30 रिर्सच प्रोजेक्ट पर संयुक्त रूप से कार्य कर रहा है। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए. के. द्विवेदी द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि विश्वविद्यालय में हो रहे प्लेसमेंट एवं रिर्सच से संबंधित जानकारी, प्रत्येक कार्यपरिषद् की बैठक में प्रस्तुत की जानी चाहिए, इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की।

म.प्र. शासन के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में स्थित मुख्य सभागृह का नामकरण राजमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर किया गया।

आई.आई.पी.एस. अध्ययनशाला से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से एम.बी.ए. एम.एस. दो एवं पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की प्रावीण्य सूची में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

कॅरियर एडवांसमेंट योजना के अंतर्गत विभिन्न शिक्षकों को स्टेज 3 से 4 एवं स्टेज 4 से 5 में पदोन्नत किए जाने हेतु आयोजित चयन समिति की अनुशांसाओ के लिफाफे कार्यपरिषद् में खोले गए।

विश्वविद्यालय के छात्रावासो एवं अध्ययनशालाओं हेतु वॉटर कूलर एवं आर.ओ. सिस्टम क्रय करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को दिए जाने वाले रिफरेन्स मैटेरियल (पुस्तके) क्रय करने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

बैठक के अंत में कार्यपरिषद् सदस्य श्रीमती मोनिका गौड जी को म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल में सदस्य नियुक्त किए जाने पर माननीय कुलगुरु जी एवं कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा उनका सम्मान किया गया। पूर्व कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. रजनीश जैन का कार्यकाल समाप्त होने पर उनको शॉल, श्रीफल एवं पुष्पों द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक के उपरांत नालंदा परिसर में कुलगुरु, प्रो. राकेश सिंघई जी, कुलसचिव, श्री प्रज्जवल खरे जी एवं समस्त कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

**डॉ. चन्दन गुप्ता**
**मीडिया प्रभारी**